धोले घोड़े की असवारी सै लीला तेरा बाणा हो

धोले घोड़े की असवारी,
सै लीला तेरा बाणा हो,
हजरत पीर इलाही पक्के,
पुल पै तेरा ठिकाणा हो।**lbd।**

शेरशाह सूरी मार्ग चलै जित,
खास जिला करनाल लगै,
हरियाणा हर की भूमि जित,
जगत जाल जंजाल लगै,
कर्ण का राज होया करता,
यारी का फर्ज निभाणा हो,
हजरत पीर इलाही पक्के,
पुल पै तेरा ठिकाणा हो।**lbd।**

गुरुवार जब जब आवै,
हर आकै माथा टेकै सै,
कौण भगत श्रद्धा तै आया,
तुं मन की भाषा देखै सै,
पांच अगरबत्ती चढ़ती लाड्डू,
खील पतासे खाणा हो,
हजरत पीर इलाही पक्के,
पुल पै तेरा ठिकाणा हो।**lbd।**

पीरों में है पीर महाबली,
तेरी शक्ति का ओड़ नहीं,
जो भी घमंड करै मन मैं,
तूं चालण देवै मरोड़ नहीं,
सच्चा आशीर्वाद लेण नै,
नंगे पैरां आणा हो,
हजरत पीर इलाही पक्के,
पुल पै तेरा ठिकाणा हो।**lbd।**

कृष्ण जुएं आले नै तूं,
बुलवा लिए मजार पै,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

नीलम दहिया नजर दया की,
तूं राखै सै संसार पै,
सबतै बड़ी खुशी सै प्रेम तै,
भगत की ओर लखाणा हो,
हजरत पीर इलाही पक्के,
पुल पै तेरा ठिकाणा हो।bd।

धोले घोड़े की असवारी,
सै लीला तेरा बाणा हो,
हजरत पीर इलाही पक्के,
पुल पै तेरा ठिकाणा हो।bd।

गायक / प्रेषक – कृष्ण जुआं वाले & जागरण पार्टी
9813297388

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com